II^nd Book

पाठ - 6
अंतर्राष्ट्रीय संगठन

19/11/2022

(1.) हमें अंतर्राष्ट्रीय संगठन क्यों चाहिए :—

⇒ संयुक्त राष्ट्र संघ को वर्तमान विश्व का सबसे महत्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय संगठन माना जाता है।

⇒ संयुक्त राष्ट्र संघ को 'यू एन' के नाम से भी जाता है।

⇒ संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व भर के लोगों की नजर में शान्ति और प्रगति के प्रति मानवता की आशा का प्रतीक है।

⇒ अन्तर्राष्ट्रीय संगठन युद्ध और शान्ति के मामलों में सहायता करते हैं।

⇒ एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन सहयोग करने के उपाय एवं सूचनाएँ जुटाने में सहायता कर सकता है।

⇒ एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन नियमों और नौकरशाही की एक रूपरेखा दे सकता है ताकि सदस्यों में यह विश्वास हो कि आने वाली लागत में सभी की समुचित साझेदारी होगी, लाभ का न्यायोचित बंटवारा होगा एवं कोई सदस्य एक बार समझौते में सम्मिलित हो जाता है तो वह इस समझौते के नियम और शर्तों का पालन करेगा।

(2.) संयुक्त राष्ट्र संघ का विकास :—

⇒ प्रथम विश्वयुद्ध के पश्चात विश्व के प्रमुख देशों ने मिलकर एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन 'राष्ट्र संघ' की स्थापना की। लेकिन यह संगठन द्वितीय विश्वयुद्ध को रोकने में असफल रहा।

⇒ राष्ट्र संघ (लीग ऑव नेशंस) के उत्तराधिकारी के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को की गयी।

⇒ संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रमुख उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय झगड़ो को रोकना एवं राष्ट्रों के मध्य सहयोग स्थापित करना है।

⇒ संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय न्यूयार्क में स्थित है। तथा वर्तमान में इसके सदस्यों की संख्या 193 है। दक्षिणी दक्षिणी सूडान 193 वाँ सदस्य 2011 में बना है।

⇒ संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंग है :—

(i) सुरक्षा परिषद्
(ii) आम सभा
(iii) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय
(iv) सचिवालय
(v) आर्थिक और सामाजिक परिषद्
(vi) न्यासिता परिषद्

(i) सुरक्षा परिषद् :— संयुक्त राष्ट्र संघ का सबसे महत्वपूर्ण अंग सुरक्षा परिषद् है।

→ इसके 5 स्थायी तथा 10 अस्थायी सदस्य है
→ इसमें कुल 15 सदस्य होते है।
→ पाँच स्थायी सदस्य निम्न है — (i) चीन (ii) फ्रांस (iii) रूस (iv) ब्रिटेन (v) अमरीका